हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में आमजन की समस्याएं



10 मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर मंच का गठन





## खबर संक्षेप

### नीट एवं जेईई कोचिंग के लिए चयन परीक्षा कल

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद एवं शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर के नीट एवं जेईई प्रतिस्पधएँ परीक्षाओं में सफलता दिलाने विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता एवं उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवासीय कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में नीट एवं जेईई आवासी कोचिंग के लिए 100 विद्यार्थी चयन हेतु जिले के स्कूलों में टेस्ट का आयोजन 06 नवंबर कोाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त टेस्ट के आयोजन हेतु सभी शासकीय, अशासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्य व संस्था प्रमुखों को दिशा–निर्देश जारी कर सफलतापूर्वक टेस्ट आयोजन हेतु पत्र जारी किया गया है।

### आईटीआई में 10 को अप्रेंटिसशिप मेले का होगा आयोजन

बालोद। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशीप प्रमोशन स्कीम अंतर्गत 10 नवंबर को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि अप्रेंटिसशीप मेला में शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण परिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ मेला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### छेड़खानी करने वाले दो युवक पकड़ाए

**भिलाई।** छेड़खानी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई मेडिकल से दवाई लेकर अपनी एक्टिवा से घर जा रही युवती को चौक के पास दो युवक बाइक सीजी 07 सीएल 4907 में पीछा करने लगे। उनसे बचने के लिए युवती ने गली में एक्टिवा को मोड़ दी। तब दोनों युवक अपनी बाइक को युवती के वाहन के सामने खड़ी कर उसे गाली गलौज कर हाथ पकड़ कर जबरदस्ती अपने बाइख में बैठाने लगे। छेड़खानी का विरोध करने पर अरोपियों ने युवती का बाल खींच कर मारपीट भी किया। युवती के चिल्लाने पर आसपास के लोग आए तब दोनों युवक फरार हो गए। पकड़े जाने के बाद युवकों से पूछताछ करने पर सेक्टर 9 भिलाई निवासी चन्द्रमणी ताण्डी, सेक्टर 07 अनुराग कुम्हार बताया है।







### राज्योत्सव : सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों व छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सांथ रंगारंग समापन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के अलावा विभागों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अणजत करने वाले विभागों के प्रदर्शनियों को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले अधिकारी कर्मचारियों का किया गया सम्मान। अतिथियों के द्वारा पर्यावरण पार्क दर्शकों के भ्रमण हेतु वन विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे। वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

- राज्योत्सव आयोजन में सक्रिय अधिकारी–कर्मचारियों का हुआ सम्मान

जिला मुख्यालय बालोद के स्व सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 2 नवंबर से आज 4 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव समारोह का भव्य एवं रंगारंग समापन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा जिा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित अन्य अतिथियों ने कलाकारों व विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित नगर पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेंद्र टेकाम, नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राकेश यादव छोटू, जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियो, के अलावा बड़ी संख्या में आम नगरीकरण उपस्थित थे।





समारोह में अतिथियों के द्वारा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अपने–अपने विभागों के विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनियों के आयोजन के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अणजत करने वाले विभागों के प्रदर्शनियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति के लिए प्रतिभागी लोक कलाकारों एवं छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

### शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी ने किया आकर्षित



**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के स्वर्गीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय रजत राज्योत्सव समारोह के अवसर पर जिला जनसंपर्क विभाग बालोद द्वारा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिला प्रशासन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्थल में पहुँचकर छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राजेंद्र राय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं केसी पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे मुख्य अतिथि श्री कोर्सेवाड़ा एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कर फोटो प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सहायक ग्रेड 03 मनीश कुमार यादव, सोशल मीडिया समन्वय तनवीर खान, राजेन्द्र कुंजाम, कृष्णशरण साहू, घन"याम चन्द्राकर, हुलेश रजक एवं सुरेन्द्र साहू सहित जनसंपर्क विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

- रजत राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग की आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी

### राज्योत्सव में विद्यार्थियों और कलाकारों ने बिखेरा सांस्कृतिक रंग



**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के स्व सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के दूसरे दिन विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्याणथयों एवं कलाकारों ने अपनी सुमधुर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर स्कूल बालोद के विद्याणथयों द्वारा बारहमासी गीत, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद के विद्याणथयों द्वारा छत्तीसगढ़ी रीति रिवाजों पर आधारित गीत एवं संस्कार शाला विद्याणथयों द्वारा धान के कटोरा के संबंध में गीत तथा पंडवानी मंडली पेरपार के कलाकारों ने सुमधुर पंडवानी की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इसके अलावा आज आयोजित समारोह में शिक्षक मंडली के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल,



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बिजली दर वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज:गुण्डरदेही

मंगलवार को आम आदमी पार्टी प्रदेश के निर्देशन पर गुण्डरदेही मे बेतहासा बिजली दर की वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी के छाया विधायक जसवंत सिन्हा के नेतृत्व मे धमतरी चौक गुण्डरदेही में धरना प्रदर्शन कर नगर में रैली निकाली गई। धरना–प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जसवंत सिन्हा ने वर्तमान भाजपा सरकार को जमकर कोसा, उन्होने कहा कि जिन वायदों के साथ भाजपा सत्ता में आई है उसे भुलकर प्रदेश के किसान मजदुर एवं बिजली उपभोवत्ता के साथ सब्सिडी को खत्म कर अन्याय कर रही है। आम आदमी पार्टी ने कहा प्रदेश सरकार के इन जन विरोधी नितियों का हम विरोध करते है। इस सरकार की नीति नियत सही नही है, भाजपा सरकार अपनी पुणत करने किसानो से छल कर लुट रहे है। आने वाले समय मे जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। धरना–प्रदर्शन के बाद एसडीएम को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना–प्रदर्शन मे सैकड़ो आप के कार्यकर्ता व महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- किसान, मजदूर और उपभोक्ताओं के साथ अन्याय का आरोप
- एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित



## कलेक्टर मिश्रा ने समीक्षा बैठक में एसआईआर कार्यों को समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मिश्रा मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में राजस्व एवं इस कार्य से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निर्वाचन से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश नही है। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को पूरी सावधानी एवं तत्परता के साथ करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार आज 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक गणना की अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आज 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा घर–घर जाकर गणना पत्रक को भरवाने एवं वितरण करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को समय–सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। मिश्रा ने कहा कि 07 फरवरी 2026 तक पूरा किया जाना आवश्यक है। बैठक में मिश्रा ने पिछले कुछ दिनों हुए बारिश से क्षति होने वाले फसलों की मुआवजा किसानों को प्रदान करने हेतु सर्वे कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने–अपने घरों में इस योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 11 पर

- बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर करेंगे गणना पत्रक वितरण



### कुपोषित बच्चों को गोद लेने वाले पालकों से मुलाकात करें अधिकारी-कर्मचारियों

उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इसका निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को गोद लेने वाले सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उनके घरों में जाकर उन बच्चों एवं उनके पालकों से मुलाकात कर हालचाल पता करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को गोद लिए बच्चों के सामान्य श्रेणी में लाने हेतु उनके लिए पौष्टिक भोजन के प्रबंध के अलावा उनके पालकों को बच्चों के समुचित देखभाल के संबंध में समझाईश भी देने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में महतारी वंदन एवं वय वंदन कार्ड निर्माण के प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए इसके कार्यों के प्रगति की सराहना की।

### खो-खो, फुटबॉल और नेटबॉल स्पर्धाओं में बालक-बालिकाएं दिखाएंगे प्रतिभा

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 8 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में वर्ष 2025–26 अंतर्गत 25वां राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 11 नवंबर तक की जाएगी।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के आदेशानुसार राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल को आयोजन स्थल में बालक एवं बालिका आवास स्थल में सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह वन मण्डलाधिकारी को लोक शिक्षण संचालनालय से आने वाले अधिकारीयों के लिए फारेस्ट रेस्ट हाउस में कमरा उपलब्ध कराने, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को छात्रवास में आवास व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को खेल मैदानों में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने एवं बालक–बालिका आवासों का अवलोकन कर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को खेल मैदानों एवं बालक–बालिका आवास में सफाई, शुद्ध पेयजल, पानी टैंकर एवं खेल मैदान में चलित शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जिला खाद्य अधिकारी को भोजन हेतु ईंधन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को खेल मैदानों में एवं उद्घाटन समापन, स्थल पर समतलीकरण सुनिश्चित कराने एवं लोक शिक्षण संचालनालय से आने वाले अधिकारियों के लिए कमरा आरक्षित कराने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को उद्घाटन एवं समापन स्थल में सजावट झंडा फहराने की व्यवस्था एवं आवश्यकता अनुसार पानी टंकी आवास स्थलों में व्यवस्था सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य वितरण विद्युत मण्डल के कार्यपालन अभियंता को बालक–बालिका आवास स्थल एवं खेल मैदान में आवश्यकता अनुसार विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने, जिला खेल अधिकारी को उद्घाटन एवं समापन, सांस्कृति कार्यक्रम, क्रीड़ा सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बालोद में 25वां राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत खो–खो बालक–बालिका 14 वर्ष, फुटबाल बालक–बालिका 14 वर्ष एवं नेटबाल बालक–बालिका 19 वर्ष का आयोजन 08 से 11 नवंबर तक जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित की जाएगी।

### खास बातें

- कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को सौंपी विभिन्न जिम्मेदारियां
- सुरक्षा, चिकित्सा, आवास और स्वच्छता व्यवस्था के लिए विभागों को दिए गए निर्देश



# एसआईआर का काम शुरू, आज से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, सात फरवरी को आएगी फायनल सूची

# 22 साल में जिले में बढ़ गए 48.35 प्रतिशत वोटर, 2003 में 9.79 लाख थे, जो अब बढ़कर हो गए 14.52 लाख, होगा पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले सहित पूरे देश में मचे मतदाता सूची की गड़बड़ी के बवाल को बाद दुर्ग जिले में 2003 और 2025 की मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य 4 नवंबर से शुरू होने जा रहा है।

बता दें कि 2003 में जहां जिले में जहां 979071 मतदाता थे। वहीं वर्तमान स्थिति में इनकी संख्या बढ़कर 145509 हो गई है। इस प्रकार करीब 48.35 प्रतिशत मतदाता बढ़ चुके हैं। 22 साल में इन वोटरों की संख्या में 473438 वोटरों की संख्या बढ़ी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला निर्वाचन ने सभी मतदाताओं के सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए 4 नवंबर से अभियान की शुरुआत हुई।

बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के बारे में जानकारी लेंगे।वहीं नए नाम जोड़ने के साथ एक से ज्यादा जगहों पर दर्ज नाम काटे जाएंगे। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभिक प्रकाशन 28 अक्टूबर को किया गया है। 4 नवंबर से शुरू अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान घर-घर दस्तक दी जाएगी। 7 फरवरी 2026 को तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने एसआईआर को लेकर जानकारी दी। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा।

खास खबर

7 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। इस मतदाता सूची के पुनरीक्षण को काफी अहम माना जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कोई अवैध नागरिक न जुड़े एवं भारत के वैध नागरिक न छूटे, जिससे मतदाता सूची शुद्ध रहे। एसआईआर के तहत मृत एवं अन्यत्र निवासरत व्यक्तियों का नाम फार्म-7 भरकर मतदाता सूची से हटाया जाएगा। 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 का उपयोग कर, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा।

## 4 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का काम होगा, इसके बाद ली जाएगी दावा-आपत्ति

### जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा

31 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 6 पूर्ण एवं 02 आंशिक विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें दुर्ग शहर, ग्रामीण, वैशालीनगर, भिलाईनगर, पाटन, अहिवारा और दो आंशिक बेमेतरा और साजा शामिल हैं। कुल 1520 मतदान केन्द्र (युक्तियुक्तकरण उपरांत 222 नए मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग का अनुमोदन प्राप्त) है। उनमें 718777 पुरुष मतदाता, 733677 महिला मतदाता एवं 55 अन्य मतदाता हैं। इस प्रकार कुल 1452509 मतदाता हैं। वहीं 2003 की स्थिति में इन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 975 मतदान केंद्र थे, जिनमें 505595 पुरुष मतदाता, 473476 महिला मतदाता थीं। इस प्रकार कुल 979071 मतदाता शामिल थे। वर्ष 2003 में दुर्ग में 11 विधानसभा सीटें थी। उनमें कुल 1949 मतदान केन्द्र थे। पुरुष मतदाताओं की संख्या 950318, महिला मतदाताओं की संख्या 926286 थी। इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 1876604 थी।




### बीएलओ की भूमिका अहम, मतदाताओं से सहयोग की अपील

मतदाता पुनरीक्षण में बूथ लेवल अफसर की भूमिका अहम मानी जा रही है। इसलिए मतदाताओं से सहयोग की अपील की गई है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (ईन्यूमरेशन फार्म) उपलब्ध कराएंगे। उनसे गणना प्रपत्र भरवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिले में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है। मतदाता जागरूकता हेतु विशेष प्रचार-प्रसार किये जाएंगे। जिसमें बीएलओ के सहयोग और जिले के सभी मतदाताओं की सहभागिता अपेक्षित है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से संकलन किये गये गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्यवाही करेगा। ऐसे समस्त मतदाता जिनका नाम पिछले पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची से मैच, लिंक नहीं होगा अथवा जिनका इन्युमरेशन फार्म प्राप्त नहीं होगा। उन्हे ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। सत्यापन के बाद नाम जोड़े जाएंगे।

### हेल्प डेस्क या 1950 नंबर पर ली जा सकती है जानकारी, ऑनलाइन पोर्टल में भी पंजीयन

मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी को लेकर जिला निर्वाचन में हेल्प डेस्क बनाया गया है। इसके अलावा 1950 नंबर भी जारी किया गया है। मतदाताओं का नाम ढूंढने के लिये पोर्टल **voters.eci.gov.in** का उपयोग किया जा सकेगा, जिसमें मतदाता का नाम 2003 में भारत के जिस भी राज्य में होगा यह खोज सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि व्यक्तियों की अर्हता संदेहजनक होगी उनको ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। तदुपरांत उनका पक्ष सुनकर अंतिम आदेश ईआरओ द्वारा किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के भीतर ही निवास/मतदान केन्द्र परिवर्तन हेतु अथवा मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन हेतु या त्रुटि सुधार हेतु, दिव्यांग के रूप में मार्किंग हेतु फार्म-8 में आवेदन संबंधित मतदाता द्वारा किया जाएगा। उसके साथ भी अतिरिक्त घोषणा-पत्र देना अनिवार्य होगा। ईआरओ द्वारा प्राप्त दावा आपत्तियों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा प्रति सप्ताह प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूची को राजनीतिक दलों के साथ भी शेयर किया जाएगा।

### हर विधानसभा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त, करेंगे सुनवाई

विधानसभा 62 पाटन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लवकेश ध्रुव बनाए गए हैं। इसी प्रकार विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए हरवंश सिंह मिरी, दुर्ग शहर के लिए अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, विधानसभा 65 भिलाई नगर के लिए अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, विधानसभा 66 वैशाली नगर के लिए संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस तथा विस 67 अहिवारा के लिए सोनाल डेविड को नियुक्त किया गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, एसडीएम भिलाई हितेश पिस्दा एवं एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भूतपूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई गई

**भिलाई।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम के दौरान सेक्टर 1 ओवरब्रिज के नीचे बने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जीवन, समर्पण नेतृत्व आज भी सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, जिला महामंत्री हरीश सिंह समेत जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, साधना सिंह, नोमिन साहू प्रदेश महासचिव ख्वाजा अहमद, अभिषेक अवस्थी, लक्ष्मण सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

### डिजिटल नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर युवाओं को कर रहे जागरुक

**भिलाई।** अखिल भारतीय पालक संघ भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा नशा और डिजिटल नशा के विरुद्ध अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से ऐसे बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया कि नशे की लत व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी व्यक्ति और समाज को कमजोर करती है। इसके कारण अपराध दर में वृद्धि होती है। और समाज का माहौल खराब होता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्र पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने सशक्त भारत एवं स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए बच्चों को अपना मार्गदर्शन देते हुए कई प्रयोगों के माध्यम से बताया कि नशा और डिजिटल नशा किस प्रकार से उनके जीवन में कई प्रकार की बाधाओ को उत्पन्न कर सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय पालक संघ की अध्यक्ष अरुंधति दुबे दवरा की गई। अकील भारतीय पालक संघ के संयोजक किशोर कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विहार इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल मीठी चंदा, विजय चौधरी सहित अन्य शिक्षक एवं अखिल भारतीय पालक संघ के समिति के पदाधिकारी डॉ.संतोष सिंह, नितेश कुमार भंडारी, प्रदीप कुमार दुबे, स्वदेश शुक्ला, संजीत सोनी उपस्थित रहे।

### गौशाला में सांसद समेत भक्तों ने गौ माता की पूजा कर भोग खिलाया

**भिलाई।** हरिओम गौशाला जरवाय में गोपाष्टमी का पर्व और दीपावली मिलन मनाया गया। हरिओम बाबा गौरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सातवें वर्ष यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर गौ पूजन, गौसेवा एवं तुलादान किया गया। ट्रस्ट के संतोष अग्रवाल, उमाशंकर गोयल ने बताया कि गौशाला में गौ पूजन सुबह साढ़े बजे किया गया।

## रखरखाव के अभाव में बदहाली : चिल्ड्रन पार्क में भी साफ-सफाई की कमी, मुख्य द्वार का गेट भी टूटा

# भिलाई-चरोदा की शान पुष्पवाटिका में न फूल बचे न हो रही सफाई, लोगों की आवाजाही हुई कम

*नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 18 वसुंधरा नगर स्थित पुष्पवाटिका और चिल्ड्रन पार्क में सफाई की हालत बेहद खराब है। झाड़ियों और जंग लगे ओपन जिम के कारण लोगों का आना-जाना कम हो गया है। 40 वार्डों के दो पार्क पुष्पवाटिका और चिल्ड्रन पार्क आज बदहाल स्थिति में है। नाम पुष्पवाटिका है, लेकिन यहां सिर्फ कचरे में उगे कुछ कमल के फूल ही नजर आते हैं। बाकी जगह घास और झाड़ियों ने कब्जा कर लिया है। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस मनोरंजन स्थल की हालत देखकर यही सवाल उठता है कि रखरखाव की जिम्मेदारी आखिर कौन निभा रहा है?*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वसुंधरा नगर स्थित पुष्पवाटिका पार्क का हाल देख कोई भी समझ सकता है कि रखरखाव पर ध्यान कितना कम दिया जा रहा है। जीई रोड के किनारे वार्ड 18 की यह पुष्पवाटिका कभी लोगों के टहलने और बच्चों के खेलने की जगह हुआ करती थी, लेकिन अब यह कचरे, झाड़ियों और टूटी मशीनों का अड्डा बन गई है। यहां लगे कई पौधे भी देखभाग के अभाव में सुखने लगे है। लोगों के चलने के लिए बनाए गए रोप वे में भी लंबे समय से सूखी पत्तियां फैली हुई है। पुष्पवाटिका में एक फव्वारा भी है, जो बंद पड़ा हुआ है। लंबे समय से फव्वारे का पानी नहीं बदलने से इसका पानी मटमैला हो गया है। यहां सिर्फ कमल के कुछ फूल खिले हुए हैं। वैसे भी कहावत है कि कीचड़ में ही कमल खिलता है।

### चिल्ड्रन पार्क का गेट टूटा, पुष्पवाटिका में उगे झाड़-झंखार, फाउंटेन भी हुआ बर्बाद






**बास्केटबॉल ग्राउंड भी बदहाल स्थिति में:** यही हाल पुष्पवाटिका के बगल में बने बास्केटबॉल ग्राउंड का भी है। इसका निर्माण इसलिए किया गया था कि आसपास के खिलाड़ी यहां आकर प्रैक्टिस कर सके। मैदान के चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं और जमीन पर कचरा फैला है। यहां भी साफ सफाई का अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम की ओर से यहां महीनों से सफाई नहीं हुई।

### चिल्ड्रन पार्क का भी देखरेख नहीं

देखरेख के अभाव में चिल्ड्रन पार्क का हाल बेहाल है। प्रवेश द्वार कई दिनों से टूटा पड़ा है। बाउंड्री वाल भी टूटा है। इस पार्क में बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं, लेकिन जंगल झाड़ी की वजह से परिजनों को जहरिले कीट पतंगों द्वारा काटे जाने का डर लगा रहता है। यहां भी साफ सफाई का अभाव है।





### ओपन जिम की मशीनों पर लगी जंग

पार्क के बनी ओपन जिम की मशीनों पर जंग चढ़ चुका है। आसपास झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि लोग वहां रुकना भी नहीं चाहते। पार्क की दीवारों पर साफ-सफाई के कई स्लोगन लिखे हैं जो अब धुंधला पड़ चुका हैं। लोगों को सांप-बिच्छु द्वारा काटे जाने का डर लगा रहता है। जो पार्क कभी वसुंधरा नगर की पहचान था, अब बदहाली की मिसाल बन चुका है।

### मैं हूं नया

अभी मैं यहां नया-नया आया हूं। भिलाईतीन चरोदा पालिका अंतर्गत कितने पार्क है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। उच्च अधिकारियों चर्चा कर पार्कों की साफ सफाई कराई जाएगी।

प्रभाकर शुक्ला, सब इंजीनियर, प्रभारी उद्यानिकी विभाग

### की जा रही खानापूर्ति

पुष्पवाटिका की साफ-सफाई को लेकर कई बार शिकायत की गई है। जंगली पौधों के कारण रोपे गए पौधे भी मर रहे है। शहर सरकार द्वारा साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। लगभग 17 लाख रुपए का पौधरोपण किया गया है, लेकिन कहां-कहां हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं है।

-राम खिलावन वर्मा
नेता प्रतिपक्ष, नपानि भिलाई-चरोदा

# एसएसपीयू में राष्ट्रीय हैकथॉन हैक ओमेनिया टूके-2025 का उद्घाटन



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 3 से 4 नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर की हैकथॉन प्रतियोगिता हैकओमेनिया टूके 25 ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सहयोग से हो रहा है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवा नवोन्मेषकों, डेवलपर्स और टेक्नोलॉजी प्रेमियों को एक मंच पर लाना है, ताकि वे वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए नवीन तकनीकी पर विचार प्रस्तुत कर सकें। इस मौके पर प्रमुख कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर हम सबको आगे बढ़ना चाहिए और युवाओं को भारत के विकास के लिए नए खोज एवं अनुसंधान में आकर समस्याओं का निराकरण के लिए आगे आना चाहिए। गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा, कुलपति प्रो. एके झा ने संबोधित किया। इस अवसर पर विवि के विकास निदेशक डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट, एसएसटीसी के निदेशक पीबी देशमुख, कुलानुशासक डॉ. गोबिंद शर्मा आदि मौजूद थे।

# एग्री स्टैक की पंजीयन तारीख बढ़ाने किसान मोर्चा ने की मांग

**दुर्ग।** किसानों के एग्री-स्टेक पंजीयन की समय वृद्धि बढ़ाने को लेकर बीजेपी किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला। प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सीएम निवास में कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। आलोक ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को एग्री-स्केट पंजीयन जो समय अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी, जिसके कारण बहुत से किसान भाई अपना पंजीकरण से पिछड़ चुके हैं। इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटियां काफी आ रही है। इसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान भाई एग्री-स्टैक पंजीयन नहीं करा पाए हैं, जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा। एग्री-स्टैक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा के बाद इस विषय में सार्थक प्रयास का भरोसा दिलाया। दुर्ग जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।



# मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर मंच का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष करण सिंह अटेरिया द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित मोदी की गारंटी के तहत राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ता देने की एक सूत्रीय मांग के लिए एक मांग एक मंच का गठन किया गया। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। मिलन समारोह में सम्मिलित होने वाले कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि महेंद्र सिंह राजपूत पूर्व अध्यक्ष मंत्रालयीन कर्मचारी संघ, गोपाल साहू प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन, डॉ. डीपी मनहर प्रांताध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ, आरके थवाईत प्रांताध्यक्ष प्रगति शील पेंशनर कल्याण संघ, सूरज प्रसाद देवांगन, विद्या भूषण दुबे, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, उमा जाटव सहित अन्य मौजूद थे।

## जनदर्शन में 112 शिकायतों और आवेदनों पर सुनवाई

# अवैध कब्जा, सीमांकन जैसी शिकायतों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 112 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम खपरी सरपंच एवं ग्रामवासियों ने शिक्षक की मांग की। उन्होंने बताया कि धमधा शासकीय प्राथमिक शाला खपरी (बरहापुर) धमधा में कार्यरत सहायक शिक्षक के निलंबन के बाद शाला में शिक्षक की कमी हो गई है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शाला प्रबंधन द्वारा विभाग को शीघ्र एक अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि शिक्षण कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके। इस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### कलेक्टर ने सभी आवेदनों को टीएल में रखने के दिए निर्देश



### खुर्सीपार में 5 साल से नाली का अधूरा निर्माण, बारिश के दिनों में दिक्कत

भिलाई निवासी ने नाली की मरम्मत कराने आवेदन दिया। खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 47 के समीप स्थित बड़ी नाली पिछले पांच वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। नाली पूरी तरह टूटने की कगार पर है, जिससे आसपास के रहवासियों में भय का माहौल है। स्थानीय निवासी ने बताया कि नाली का टेंडर लगभग पांच वर्ष पूर्व जारी हुआ था, परंतु कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। समय के साथ नाली के किनारे की मिट्टी कटकर गहरी खाई बन गई है, जिससे प्लॉट और मकान को भी नुकसान पहुंच रहा है। नाली की गहराई बढ़ने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में वार्ड पार्षद को भी जानकारी दी गई थी। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### हुडको में खस्ता हाल पानी की टंकी मेंटेनेंस की मांग

हुडको संघर्ष समिति के संयोजक ने हुडको स्थित पानी टंकी का जीर्णोद्धार करने की मांग की। उन्होंने बताया कि भिलाई हुडको सेक्टर वार्ड क्रमांक 69 स्थित पानी की टंकी में संधारण के अभाव में आधा दर्जन स्थानों पर छेद हो गए हैं, जिससे रोजाना हजारों लीटर पेयजल बह रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह टंकी बीएसपी द्वारा लगभग 40 वर्ष पूर्व निर्मित की गई थी, पर अब इसके कॉलम जर्जर हो चुके हैं। पिछले पांच वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# पंडवानी गायिका बारले ने दी प्रस्तुति, दुर्ग शहर को लेकर बने मॉडल ने बटोरी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुरानी गंजमंडी में राज्योत्सव को लेकर आयोजनों का दौर जारी है। सोमवार को आयोजन का दूसरा दिन रहा। इस दौरान पंडवानी गायिका प्रतिमा बारले की सुंदर प्रस्तुति ने मनमोहा। स्कूली बच्चों ने कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम सहित अन्य नृत्यों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल भी पहुंचे। इस दौरान सरकारी योजनाओं को लेकर स्टाल लगाए गए, जिनमें लोगों को जानकारी दी गई। महिला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। दुर्ग शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों को मॉडल में प्रदर्शित किया गया। गंजमंडी परिसर में संस्कृति, संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। लोगों की भीड़ विभिन्न स्टॉलों और प्रदर्शनियों में उमड़ पड़ी। विभागीय प्रदर्शनियां राज्योत्सव को और भी आकर्षक बना रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विनय गायकवाड़ द्वारा ओड़िसी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ आदिवासी नृत्य, जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिससे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। प्रतिमा बारले ने मंच को जीवंत कर दिया। खंजरी, मंजीरा , ढोलक जैसे वाद्ययंत्र के स्वर लहरियों के बीच दर्शक कलाकारों के साथ झूम उठे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कलाकारों की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जोड़ दिया। कार्यक्रम में विधायक साजा ईश्वर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## पुरानी गंजमंडी में आयोजित राज्योत्सव समारोह में पहुंचे सांसद विजय बघेल, स्टॉल में जाकर ली जानकारी








### 1495 उपभोक्ताओं ने लगवाए सोलर पैनल

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र की सब्सिडी के साथ-साथ, छत्तीसगढ़ सरकार भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सहायता दे रही है, जिससे सोलर प्लांट लगाना और भी सस्ता हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में अब तक 1495 उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में सोलर पैनल लगवाए जा चुके हैं। विभाग के स्टॉल में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता जे जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता श्आर.के.दानी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री गजेन्द्र यादव व टंकराम वर्मा ने कलाकारों का किया उत्साहवर्धन



नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद थे। स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किये। उन्होंने हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद, और स्थानीय नवाचारों के प्रदर्शनों का अवलोकन किया। राज्योत्सव में हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों के आकर्षक स्टॉल पहुंचकर उन्होंने सुदूर अंचलों से आए कारीगरों से चर्चा कर उनके परिश्रम एवं सृजनशीलता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद न केवल हमारे परंपरागत कौशल और संस्कृति के प्रतीक हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की आधारशिला भी हैं।

## खबर संक्षेप

### दातून को लेकर विवाद पर महिला की हत्या

**भिलाई।** दातून को लेकर दो महिलाओं में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला ने दूसरे महिला पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। रानीतराई प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम बोरीद राधा बाई 55 वर्ष और गांव की एक महिला से दातुन को लेकर विवाद हो गया। दोनों महिला में जमकर मारपीट भी हो गया। अज्ञात महिला ने राधा बाई को धकेल कर जमीन पर गिरा दिया।उसका बाद महिला ने राधा पर हमला कर दिया। हल्ला मचने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में राधा को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां राधा ने दम तोड़ दिया। परिजनों की शिकायत पर मारपीट करने वाली महिला की खोजबीन में जुटी रही। देर रात तक हमला करने वाली महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात महिला से पूछताछ कर रही है। घटना का खुलासा मंगलवार को किया जाएगा।

### एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन पर प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला में किया जागरूक

**भिलाई।** कैपकॉन-2025 के तहत "एण्टीन्यूक्लियर एण्टीबॉडी (एएनए) स्क्रीनिंग एवं कन्फर्मेशन विषय पर प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला जेएलएन अस्पताल में हुई। विभिन्न संस्थानों के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लेकर एएनए परीक्षण की विधियों, तकनीकी पहलुओं और नैदानिक उपयोगिता पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनिता द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि पूर्व कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### कलेक्टर मिश्रा ने ...

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना सोलर पैनल लगाने को कहा। बैठक में मिश्रा ने अटल मॉनिटरिग पोर्टल के माध्यम से विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की।

## ट्रैफिक जाम से दुर्घटनाओं का अंदेशा, आ-जा नहीं पा रहीं गाड़ियां

# हथखोज में ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण पूर्ण होने के पूर्व ही करोड़ों की जमीन पर जगह-जगह अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर के पूर्ण होने के पहले ही अवैध कब्जों का संजाल फैलने लगा है। पेशेवर कब्जाधारियों ने करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। इससे ट्रांसपोर्टरों को परेशानी के साथ चौतरफा नुकसान हो रहा है। इस मामले में भिलाई तीन चरौदा निगर निगम उदासीन बना हुआ है। ट्रांसपोर्टरों ने ट्रांसपोर्टनगर की सुविधा और सुंदरता के लिए जल्द कब्जे हटवाने की मांग की है। कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम भिलाई तीन चरौदा द्वारा पिछले पांच साल से हथखोज में ट्रांसपोर्टनगर का नवनिर्माण किया जा रहा है। इस दौरान यहां परिसर में जगह जगह अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। दर्जनभर पक्के निर्माणों के साथ जगह जगह छोटी छोटी किराना दुकानों और पंचर व वेल्डिंग रिपेयर दुकानों के नाम पर करीबन सौ कब्जे तन गए हैं। इससे शासन व निगम को करोड़ों रुपए की संपत्ति के नुकसान के साथ ट्रांसपोर्टरों को ट्रैफिक जाम जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि जामुल नंदिनी नंदिनी रेलवे लाइन और नहर के किनारे कतार में कई पेशेवर कब्जेधारियों ने कब्जे कर लिए हैं। कई कब्जों पर कच्ची पक्की दुकानें खोलकर किराया पर उठा दिया गया है। इनमें होटल, किराना कमानी पट्टासवेल्डिंग मैकेनिक रेपियर शांप,चाय नाश्ता गुटखा ठोले आदि सौ कब्जे हैं। जगह जगह कब्जों से शासन को जमीन व टैक्स के नुकसान के साथ ट्रांसपोर्टरों के वाहनों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य बनी हुई है।

### ट्रांसपोर्टरों ने कलेक्टर से लगाई दौरा कर अतिक्रमण हटाने की गुहार








### कब्जों व सड़क किनारे खड़ी रहने वाली पुरानी गाड़ियों से ट्रैफिक जाम

ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से ट्रांसपोर्ट नगर में जल्द कब्जे हटाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि कलेक्टर ने बहुत जल्द ट्रांसपोर्टनगर का दौरा कर कब्जे हटवाने का आश्वासन दिया है। श्री बैठा ने बताया कि कब्जों के अलावा ट्रांसपोर्टनगर फेस -1 में कई गाड़ी मालिक बीस साल पुरानी गाड़ियां खड़ी कर दे रहे हैं। इससे ट्रांसपोर्टरों के ट्रक व हाइवा ट्रेलर आदि वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है और गाड़ियां फंसने, जाम के साथ दुर्घटनाएं व विवाद हो रहे हैं। बीच सड़क पर अव्यवस्थित गाड़ियां खड़ी होने से ट्रांसपोर्टरों के वाहन फेस टू में आने जाने में कठिनाई हो रही है। अग्नि दुर्घटना आदि हादसे होने की स्थिति में जाम से दकमल गाड़ी व एंबुलेंस को आने जाने में दिक्कत होगी। ट्रांसपोर्टरों ने यहां ट्रैफिक पोस्ट व पुलिस जवानों की तैनाती की मांग की है।

### शराब दुकान से अराजकता बढ़ी

ट्रांसपोर्टनगर में स्थित शराब दुकान से कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि शराब दुकान से भारी अराजकता व दुर्घटनाएं आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। ड्रायवर व क्लीनर मैकेनिक आदि वर्कर्स शराब पीकर काम नहीं करते और उलझते रहते हैं। क्षेत्र के लोग भी शराब पीकर गालीगलौच मारीपट करते रहते हैं। वहीं शराब दुकान में भीड़ से सड़क पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ट्रांसपोर्टरों ने ने बताया कि कई बार शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके हैं। जल्द हटाया जाए।

## भिलाई में पीएम आवास योजना के 11 हितग्राहियों को मिले अपने घर लॉटरी के जरिए किया गया आवंटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को मकान आबंटित किए गए।

नगर निगम के मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लॉटरी का आयोजन किया गया। आवास पाने के लिए हितग्राहियों ने पहले योजना शाखा में आवेदन जमा किया था। दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद उनसे 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराई गई। बेदखली व्यवस्थापन के तहत 75 हजार रुपये अंशदान राशि निगम कोष में जमा कराने के बाद नियमानुसार लॉटरी निकाली गई। इस प्रक्रिया में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को भूतल के मकानों में प्राथमिकता दी गई, जबकि सामान्य हितग्राहियों को भूतल के साथ ऊपरी मंजिलों के मकान दिए गए। लॉटरी के जरिए वंदे मातरम कुरूद भिलाई के एक हितग्राही और सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया क्षेत्र के 10 हितग्राहियों को मकान आवंटित हुए। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी और जागेश्वर साहू मौजूद थे।

## उद्यान के टूटे झूलों का होगा मेंटेनेंस, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- विकास कार्यों का निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सिवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा नेहरू नगर के शिवाजी चौक समीपस्थ रोड, नाली सफाई एवं सीवरेज का निरीक्षण किया गया। सीवरेज का पानी सड़क में बह रहा था, जिसे तत्काल सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सीवरेज हेतु बनाये गये चेंबर का ढक्कन टूटकर गिरा हुआ था। दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढक्कन लगाने निर्देशित किया। आगामी समय में इस रोड का निर्माण किया जाना है। वहीं शहस्त्रबाहु उद्यान को संस्था द्वारा स्वयं के रखरखाव के लिए दिया गया है। संबंधित संस्था को उद्यान के घास कटिंग एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया है। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूट गया है, जिसका संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों एवं उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जर्जर सड़कों के मरम्मत एवं साफ सफाई का अवलोकन किये। तारामण्डल उद्यान में शासन के मंशानुसार अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है, बिना विलम्ब के कार्य शीध्र पूर्ण करने एजेंसी को निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है। प्रियदर्शनी परिसर रेलवे ट्रैक के किनारे रोड का निर्माण किया जाना है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी उपस्थित थे।

## जेएलएन अस्पताल में हैंड ओनली सीपीआर प्रशिक्षण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 में हैंड-ओनली सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी औक डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार सहित चिकित्सक उपस्थित थे। प्रतिभागियों को हैंड-ओनली सीपीआर की प्रक्रिया का प्रदर्शन कराया गया तथा उन्हें व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि हृदयगति रुकने की आकस्मिक स्थिति में त्वरित पहचान, तत्काल सहायता के लिए बुलाना तथा निरंतर छाती पर दबाव देना, जीवनरक्षक के रूप में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होता है।ओपीडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों ने सीपीआर की विधि सीखकर "जान बचाने" का संकल्प लिया। एनेस्थीसिया विभाग की टीम तथा क्वालिटी मैनेजमेंट विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## भारत की बेटियों की ऐतिहासिक जीत पर किया सेलिब्रेशन, लहराया तिरंगा


- महिला चेंबर ऑफ कॉमर्स की महिला विंग का आयोजन , एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर

**भिलाई।** महिला क्रिकेट विश्वकप में भारत की बेटियों द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ तथा महिला चेंबर भिलाई शाखा की सदस्याओं ने चेम्बर कार्यालय में विजय उत्सव सेलिब्रेट किया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने शामिल होकर महिला शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज भारत की बेटियां विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाएं अब किसी क्षेत्र में पीछे नहीं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत स्तंभ बन चुकी हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर भिलाई जिला अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि हमारी महिलाएं अब खेल, व्यापार, उद्योग, शिक्षा, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यह जीत केवल क्रिकेट की नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणा है। महिला चेंबर अध्यक्ष सुमन कन्नोजे ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला चेंबर जल्द ही मिलेट्स आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा, जिससे महिलाएं स्वरोजगार प्राप्त कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

## ठंड ने दी दस्तक, जर्जर व्यायाम शालाओं में टूटे पड़े इक्यूपमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- खिलाड़ी, बच्चे और युवा कहां करें व्यायाम, नगर निगम नहीं कर रहा रिपेयर

ठंडी के मौसम के दस्तक देने के साथ ही टाउनशिप में सुबह शाम उद्यानों से लेकरव्यायाम शालाओं में लोग जुटने लगे हैं। लेकिन विभिन्न सेक्टरों में कई व्यायाम शालाओं में युवाओं व बच्चों को लाखों रुपए के टूटे व बिगड़े पड़े वर्जिश टूल्स में ही व्यायाम करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई उदासीन बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि पटरीपार की तरह टाउनशिप में भी नगर निगम द्वारा पांच साल पूर्व विभिन्न सेक्टरों में मैदानों के व सड़कों के किनारे छोटी छोटी व्यायाम शालाएं बनाई गई थीं। पार्षदों द्वारा पार्षद निधि से यहां वर्जिश के लिए पैडलिंग, भारवाहन और बैलेंस आदि इक्यूपमेंट लगाए गए थे। ताकि खिलाड़ी, बच्चे व युवा व महिलाएं यहां व्यायाम कसरत कर सकें। लेकिन कई वर्जिश सेंटरों में स्टील व प्लास्टिक के यह उपकरण टूट गए हैं या बिगड़े पड़े हैं। सेक्टर 1, सेक्टर 6 मेंटेनेंस आफिस पास सेक्टर 7 व सेक्टर 8 में कई इक्यूपमेंट व बेंचें टूट चुकी हैं। इन्हें सुधारने की जहमत पार्षदों ने की है और न ही निगम के लोगों ने ही अब तक जरुरी समझा है। इसका खामियजा सेहत बनाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियनों निगम महापौर कमिश्नर से इनके मेंटेनेंस की मांग की है।

### बालोद्यान भी बदहाल

व्यायामशालाओं की तरह टाउनशिप में जगह जगह बनाए गए बालोद्यान भी बदहाल हैं। अधिकतर कबाड़ में बदल चुके हैं। दस साल पूर्व सभी सेक्टरों में एक एक सेक्टरों में जगह जगह नगर निगम द्वारा बच्चों के लिए छोटे छोटे बालोद्यान बनवाए गऐ थे। इनका निर्माण भी पार्षद निधि से पार्षदों द्वारा कराया गया था। लेकिन सभी बालोद्यानों के झूले, फिसलनपट्टी, शीशा चेयर आदि टूटफूट व कर जंग लग चुके हैं। सभी बालोद्यान झाड़ियों से पटे कबाड़ में बदल चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सभी बालोद्यानों का कायाकल्प किया जाए।

## सद्भावना दौड़ में शामिल हुए स्काउट गाइड, स्कार्फ पहनाकर किया स्वागत

**भिलाई।** बीएसपी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड संघ के द्वारा स्काउट गाइड की राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल सेक्टर-1 में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कमिश्नर विजय सिंह पवार ने राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पवार का स्वागत स्काउट-गाइड परंपरा के अनुसार स्कार्फ पहनकर किया गया। संस्था प्रमुख पंचराम साहू ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता के महत्व को समझाया। जिसके बाद सेक्टर-1 में एक सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जमीन के नाम पर की धोखाधड़ी, तीन पकड़ाए

**भिलाई।** जमीन का फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम पतोरा दुर्ग निवासी पुसऊराम साहू के मॉ स्व. सुरजाबाई साहू के नाम पर संयुक्त रुप से भूमि स्वामित्व में मौजा भू अभिलेख में दर्ज रहा है। पीड़िता का का पुत्र रुपेश कुमार साहू पर दबाव बनाकर अनुचित लाभ उठाते हुए पतोरा निवासी भूनेश्वर साहू, अचानकपुर देवादास मानिकपुरी, पूरन लाल साहू व अन्य साथियों के द्वारा मिलकर लाखों रुपये की जमीन को हड़पने का प्रयास किया। जिसके लिए तीनों ने मिलकर जमीन का के लिए कूटरचित आम मुख्त्यारनामा उप.पंजीयक कार्यालय दुर्ग में तैयार कराया। पीड़ित के बिना जानकारी के दस्तावेज तीनों आरोपियों ने तैयार किया। थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम की टीम ने तीनो आरोपी भुनेश्वर, देवादास,पूरन लाल के बारे में पातासजी कर गिरफ्तार किया।

### संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर भागे नाबालिग घर में मिले

**दुर्ग।** रविवार की रात अचानक तीन नाबालिग बाल संप्रेक्षण गृह से भाग निकले। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला शुरु किया।
तीनों नाबालिगो को उनके घर के पास ही पकड़ा गया है। उसके बाद तीनों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक एक नाबालिग हत्या, दूसरा लूट और तीसरा अन्य मामले में बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। तीनों दीवार फांदकर भाग निकले।
जिसकी भनक लगते ही प्रबंधन ने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बच्चों के बाल सुधार गृह से भागने की सूचना मिली थी। तीनों अपने घर के पास ही छिपे हुए थे, पकड़कर वापस बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। बाल संप्रेषण गृह से नाबालिगों के भागने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। भागने से विभाग के अफसरों की भी लापरवाही सामने आई। बावजूद अफसरों ने पहले हुई घटनाओं से सबक नहीं लिया।

### कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**पाटन।** कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम अखरा कडरा निवासी अनिल कुमार मरकाम उर्फ बन्नु 28 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।
अनिल लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज लेकर परेशान हो गया था। अपने मकान के कमरे को भीतर से बंद कर अनिल आत्महत्या की। देर सुबह तक कमरा नहीं खुलने पर परिजनों ने झांकर देखने पर उसका शव फांसी पर झूलते नजर आया। सूचना पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पहुंची। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें कर्ज से परेशानी के कारण आत्महत्या करना लिखा हुआ है और लोन को माफ करने की गुजारिश भी की गई है।

## कार्यक्रम : जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने रखीं अपनी मांगें

# कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में आमजन की समस्याएं सुनी और निराकरण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

- फसल मुआवजा, आवास योजना और प्रोत्साहन राशि से जुड़ी शिकायतों की निराकरण की मांग की गई

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंनित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।





जनदर्शन में आज ग्राम भालूकोन्हा की आरती साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत करने, ग्राम खुरसुनी के ग्रामीणों ने फसल क्षति का मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह ग्राम सिवनी की सिन्हा ने मितानित प्रोत्साहन राशि दिलाने, खामतराई की जामबाई ने प्राकृतिक आपदा से घर में हुई क्षति का मुआवजा दिलाने, ग्राम पैरी के धुर्वाराम ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने सहित जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बालिका सेवा समिति ने जस झांकी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम किलेपार में ग्राम की बालिका द्वारा निर्मित बालिका सेवा समिति के नेतृत्व में ग्राम पटपर डोगरगढ़ की जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि छाया विधायक व समाजसेवी जसवंत सिन्हा उपस्थित हुए, जिन्होंने ग्राम के किसी भी घर में मृतक की दुखद घटना होने पर 21 सौ रुपए तथा किसी भी बालिका की शादी होने पर 11 सौ रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही गुलशन साहू ने किया, जिसने देवी माता झांकी लीला के चरित्र को केवल मनोरंजन के रूप में ना लेकर अपने जीवन में उतरकर आदर्श व्यक्ति बनने की प्रेरणा दिया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू ने कहा कि बालिकाओं के संगठन की



शक्ति से इतना बड़ा कार्यक्रम हो गया, यह बात हमें मिल-जुल कर रहने की सीख देती है। अन्य विशेष अतिथि में शाला विकास समिति भाठागांव (आर) के अध्यक्ष केके साहू सरपंच डिलेश्वर साहू, ग्राम पटेल शत्रुहन साहू लालऋृसह साहू, शिव कुमार साहू प्रदीप साहू एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालिका सेवा समिति के यशस्वी साहू, सत्यभामा, अंजु साहू, आरती साहू, किरण, गायत्री, प्राची, योगेश्वरी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि केशव राम साहू ने किया।

## 'जनजातीय गौरव का इतिहास' विषय पर विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में जनजातीय गौरव का इतिहास विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

- जनजातीय योगदान और बस्तर की संस्कृति हुई चर्चा

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही के समाजशास्त्र विषय के प्रोफेसर डॉ डीएस सहारे तथा शासकीय महाविद्यालय उतई के सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश ऋृमज ने इस विषय पर अपने विचार रखे। डॉ सहारे ने हलबा, गोंड, सहित विभिन्न जनजातियों के छत्तीसगढ़ राज्य में उनके द्वारा देश की स्वतंत्रता में किए योगदान को साझा किया।





बस्तर क्षेत्र में मौजूद विभिन्न प्रजातियों, उनकी संस्कृति, सभ्यता को समझाया। उन्होंने हल्बा विद्रोह, डोंगर क्षेत्र के सामाजिक और देश के विकास में सहयोग को समझाते हुए उनकी समस्याओं को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। जनजातीय क्षेत्र में सबसे शिक्षित जनजाति उरांव की जानकारी देकर उनके प्रयासों को दोहराया गया। अन्य वक्ता डॉ राकेश ऋृमज द्वारा भी जनजातीय समुदाय के इतिहास, उनके विवाह की परंपरा, पंचायत, आध्यात्मिक विचार, संविधान, गोटूल परंपरा, प्रकृति प्रेम, जड़ी बूटियों के ज्ञान को समझाया। उन्होंने बताया कि जनजातीय समाज में महिला और पुरुषों में किसी प्रकार का भेदभाव नहलृ किया जाता। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने सभी विद्याणथयों को छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जनजातियों की बेसिक जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्याणथयों के लिए आयोजित ऐसे कार्यक्रम से वह प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण के स्वतंत्रता योगदान को जानने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन राजनीति विज्ञान प्रभारी श्री ऐश्वर्य ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में डॉ नरेश धर दीवान, डॉ रजनीश तिवारी, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, डॉ संतोष पांडे, डॉ अरुणेंद्र तिवारी, डॉ आबिद हसन खान, चेतना सोनी, डॉ लता मारकंडे, प्रियम वैष्णव, मनीष साहू, मेज राम जोशी, पुरन मल शर्मा, गिरीश देशपांडे, आरडी भूआर्य, उमेश मंडावी, लोमन तामेश्वरी सहारा, रानी साहू, चंद्रकला का योगदान रहा।

## देवेन्द्र बने सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष

### शिक्षकों की समस्याओं को हल कराना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के चुनाव मे जिले के देवेन्द्र हरमुख के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए। जिससे जिले के शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। राजधानी रायपुर में सम्पन्न प्रांतीय निर्वाचन में प्रदेश के समस्त ब्लॉक व जिले के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सहित संस्थापक सदस्यगण मतदाता के रूप में उपस्थित हुए। तथा कुल 186 मतदाताओं में से 183 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। इस निर्वाचन प्रकिया में बालोद जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष जिले के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

प्रांतीय अध्यक्ष पद हेतु रविन्द्र राठौर को 116 मत मिले दूसरे उम्मीदवार अजय गुप्ता को 48 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार प्रदेश अध्यक्ष पद पर रविन्द्र राठौर ने 68 मतों से



जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र हरमुख, सचिव पद हेतु राजू टंडन एवं कोषाध्यक पद पर शेषनाथ पाण्डेय ने जीत दर्ज की।

नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख ने कहा शिक्षकों की हर छोटी बड़ी समस्या का निराकरण कराना और मोदी की गारंटी पूरा कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। देवेन्द्र हरमुख ने कहा कि संगठन का यह निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रकिया को ऋृजदा रखने का एक माध्यम है इस लिए इसमें हार और जीत की बात नहलृ होनी चाहिए क्योंकि जीतने वाला और हारने वाला दोनों एक ही परिवार का हिस्सा है।

बालोद के जिला उपाध्यक्ष एलेन्द्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रदेश का पहला शिक्षक संगठन है, परिणामों की घोषणा के साथ निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र संगठन के संयोजक मनीष मिश्रा चुनाव के प्रभारी कौशल अवस्थी, सीडी भट्ट, रणजीत बनजएॅ, सुरजीत ऋृसह चौहान, सिराज बक्श ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। चुनाव में शामिल होने आए समस्त ब्लॉक अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों सहित नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के चुनाव आयोग की तरफ से स्मृति चिन्ह संयोजक मनीष मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

जनपद पंचायत डौंडी सभागार में एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें विधानसभा क्षेत्र डौंडी

- त्रुटिहीन मतदाता सूची निर्माण पर दिया गया विशेष जोर
- 148 बीएलओ को मास्टर ट्रेनर ने दी मतदाता सूची पुनरीक्षण की गहन जानकारी

लोहारा ईआरओ एसडीएम शिवनाथ बघेल, एसडीएम सुरेश साहु एवं सहायक ईआरओ तहसील देवेंद्र नेताम के मार्गदर्शन में डौंडी विकासखंड क्षेत्र के 148 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।

भारत चुनाव आयोग के दिशानिर्देश अनुसार वर्ष 2025 में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संपन्न होना है। जिसके चरण बद्ध तरीके से संचालित करने के लिए आज डौंडी क्षेत्र से नियुक्त मास्टर टेंनर दिनेश साहू व्याख्याता बिटाल, संजय बंजारे व्याख्याता सुरडोंगर, आशिष देवांगन व्याख्याता डौंडी एवं चमन कोठारी व्याख्याता डौंडी द्वारा एस.आई.आर प्रक्रिया को समझाया गया। मास्टर टेंनर ने बताया कि 2025 मतदाता सूची का पुनरीक्षण हेतु समस्त मतदाता सूची 2025 में दर्ज मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान किया जाना है और मतदाता गणना पत्रक भरकर वापस करेगा। उस पत्रक के आधार पर एक नया मतदाता सूची का पुनरीक्षण होकर नया मतदाता सूची निर्माण करने का कार्य किया जाएगा। एक भी योग्य मतदाता का नाम छुटने ना पाए और साथ साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाय की एक भी अयोग्य मतदाता का नाम सूची में शामिल ना हो साथ ही एक मतदाता का नाम एक ही जगह हो दो जगह या इससे ज्यादा जगह उनका नाम ना आए इस प्रकार से एक शुद्ध मतदाता सूची का निर्माण किया जाना है। गणना पत्रक मतदाता को वितरित करके उनसे गणना पत्रक अनुसार जानकरी भरने के उपरांत समय सीमा में उनसे वापस लिया जाना है शत प्रतिशत गणना पत्रक को मतदाता से वापसी भी लेना है।

जो मतदाता निर्धारित गणना पत्रक को भरकर समय सीमा में जमा नहीं करेंगे उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। गणना पत्रक को सही और शुद्ध तरीके से भरने का कार्य मतदाता द्वारा होना है और उनके सहयोगी के रुप में उस क्षेत्र के बीएलओ एवं उस क्षेत्र के सुपरवाइजर उनके सहयोगी के रुप में रहेंगे।

## स्वच्छ ग्राम, स्वस्थ जीवन, कोड़िया में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वच्छ ग्राम स्वास्थ्य जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर ग्राम कोडिया के युवा सरपंच खुमान निषाद व समस्त पंच गण और ग्रामीण जनों के सहयोग से ग्राम कोड़िया में स्वच्छता पर विशेष मुहिम चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत गांव के सभी कूड़ा करकट हो सफाई कर उसी जगह में फेंसिंग कर मिनी गार्डन जैसा फूलों का बाग तैयार किया जा रहा है।

सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि स्वच्छता शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, जो हमें बीमारियों से बचाती है, तनाव कम करती है और समाज में सकारात्मकता को बढ़ावा देती है। यह आत्मविश्वास बढ़ाती है और एक साफ-सुथरा वातावरण बनाती है। जिससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। नियमित रूप से नहाना, हाथ धोना और साफ







कपड़े पहनना कीटाणुओं, बैक्टीरिया और वायरस को दूर रखता है, जिससे संक्रमण का खतरा कम होता है। स्वच्छता से भोजन और पानी के दूषित होने का जोखिम कम होता है, जो कई बीमारियों से बचाता है, जैसे कि हैजा और टाइफाइड।

### मानसिक स्वास्थ्य

स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण चिंता और तनाव को कम करता है और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। स्वच्छता से मानसिक शांति और सुकून मिलता है, जबकि गंदी जगहें उदासी या आलस पैदा कर सकती हैं।

### सामाजिक और व्यक्तिगत विकास

स्वच्छता व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और लोगों में सम्मान, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास पैदा करती है। स्वच्छता की अच्छी आदतें दूसरों को भी प्रेरित करती हैं और एक स्वच्छ समाज बनाने में मदद करती हैं।

### पर्यावरण और अर्थव्यवस्था

सड़कें, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने से पर्यावरण सुंदर और रहने लायक बनता है। बीमारियाँ कम होने से डॉक्टर और इलाज पर होने वाला खर्च और समय दोनों बचता है।

### चाकू दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड दुर्ग के पास से डिपरा पारा दुर्ग निवासी कृष्णा सेन को पकड़ा गया है। युवक लोगों को धारदार चाकू लेकर डरा धमका रहा था। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा की तैयारी, हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

- प्रतिभागीओं की आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था पर दिया गया विशेष जोर

बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाएँ एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी सयुंक्त कलेक्टर बालोद मधु हर्ष, डिप्टी कलेक्टर बालोद प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी के निर्देशन में जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी किशोर मेहरा, खेल समन्वयक सपन जेना, ए.बी.ई.ओ. बालोद उमा ठाकुर, सेजस ऋृहदी माध्यम स्कूल बालोद के



प्राचार्य अरुण साहू, सेजस इंग्लिश माध्यम स्कूल बालोद की प्राचार्य लीनु तुली सहित जिले के सभी व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के आवास, भोजन, परिवहन, मैदान की तैयारी, खेल सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। सभी अधिकारियों ने मिलकर प्रतियोगिता को सफल एवं यादगार बनाने का संकल्प लिया।



